(viii) Minutes of the sittings of the Committee relating to Procedural and Miscellaneous Matters.

12.25 hrs.

CALLING ATTETION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Reported strike of Primary School Teachers in Delhi and action taken by Government.

श्री हरीश कुमार गंगवार (पीलीभीत) : अध्यक्ष महोदय, इससे पहले मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। मैंने इससे पहले दो मसले उठाये थे...

अध्यक्ष महोदय : आप किसके मुताल्लिक बात करना चाहते हैं।

श्री हरीश कुमार गंगवार : आप पहले मेरी बात सुन लें, मैं कालिंग-एटेन्सन के बारे में बात करना चाहता हूं। मैंने यहाँ पर फार्मेसिस्ट्स की हड़ताल का मामला उठाया था। आप ने कहा था कि यह यू० पी० गवर्नमेंट का मामला है, इसकी इजाजत नहीं देंगे। उसके बाद दूसरा मामला मैंने कल उठाया, उसके लिये भी आपने यही कहा कि यह यू० पी० स्टेट का मामला है, इसको यहां उठाने की इजाजत नहीं देंगे।

अध्यक्ष महोदय : ठीक बात है।

श्री हरीश कुमार गगवार : अब आप इस की प्रोसीडिंग्ज का देख लीजिये। आपने कहा है कि यहाँ मैट्रोपोलिटन कान्सिल है, वहाँ जाइये, वहाँ हो सकता है। उसके बाद वाजपेयी जी ने कहा कि यह यूनियन टैरिटरी है इस लिये यह दोनों का मसला है। इस तरह से तो मैडिकल का मामला या जो मामला कल मैंने उठाया था, ये दोनों गवर्नमेंटस के मसले हैं। आज जो काल एटेंशन आया है उसके बारे में मैं जानना चाहता हूं—इस में ऐसी कौन सी विशेष बात है जिस के लिये कल तो यह कहा गया कि यह मसला मैट्रोपोलिटन कान्सिल का है लेकिन आज उसको आप कालिंग एटेंशन में ले रहे हैं ?

अध्यक्ष महोदय : मैंने इसके बारे में पता करवाया था, यूनियन टैरिटरी होने की वजह से चूंकि इसमें सैन्ट्रल गवर्नमेंट का दखल था, इस लिये इसकी इजाजत दी है।

श्री हरीश कुमार गंगवार : लेकिन कल आपने यही बात कहकर इन्कार कर दिया था।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : हमने बाद में जा कर समझाया था।

अध्यक्ष महोदय : हर एक बात सोच समझ कर की जाती है। अगर जरूरत होती है तो पता करवा लिया जाता है। कोई बन्दिश नहीं होती है, दरवाजे कभी बन्द नहीं होते हैं, जो हो सकता है उसको कर लेते हैं। You are over-ruled.

श्री हरीश कुमार गंगवार : जिसको विशेष लोग उठाते हैं वह हो जाता है, दूसरों का नहीं होता है ?

MR. SPEAKER : You are irrelevant. This is very much irrelevant.

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं अविलम्बनीय लोकमहत्व के निम्न-लिखित विषय की ओर माननीय शिक्षा और संस्कृति तथा समाज कल्याण मन्त्री जी का ध्यान दिलाता हूं तथा अनुरोध करता हूं कि वे इस सम्बन्ध में अपना वक्तव्य दें—

> "दिल्ली में प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों की कथित हड़ताल से उत्पन्न स्थिति तथा इस संबन्ध में सरकार द्वारा की गई कार्यवाही।"

THE MINISTRY OF STATE IN THE MINISTRIES OF EDUCATION AND CULTURE AND SOCIAL WELFARE (SHRIMATI SHEILA KAUL) : The Government are aware that some of the Primary School Teachers working in the Municipal Corporation of Delhi have been on strike since 26th March, 1983. The sirike is in response to call given by the Delhi Primary Teachers Struggle Committee which includes the teachers of three municipal teacher associations, i.e., Municipal Corpora-

tion Teachers' Association, Delhi Adhyapak Parishad and Teachers Welfare Congress.

12.29 Hrs.

·[MR. DEPUTY SPEAKER *in the chair*]

There are 6 demands. The two major demands, viz., revision of pay scales and grant of selection grade are included in the character of demands of the Delhi School teachers. These demands are under the consideration of the group of Ministers. As an interim measure, it has been decided that those M.C.D. Primary School teachers who are help up at the maximum of the time scale will be given one increment with retrospective effect, i.e. from 5.9.1982. If, however, it is not possible to finalise the matter before 5.9.1983, grant of another increment will be considered favourably. Recently, the Government had revised the scale of pay of Head Masters of Primary Schools w.e.f. 5.9.1982 from Rs. 425-640 to Rs. 440-750 (Ordinary Grade) and selection Grade from Rs. 600-750 to Rs. 740-880.

3. I am pleased to inform the Hon'ble Members that the representatives of the teachers had a meeting with the Lt. Governor and Chief Executiue Councillor of Delhi on 28th April, 1983 and it has been decided with the concurrence of the teachers representatives to constitute a Committee to look into the demands for larger promotion opportunities. The Committee will comprise two representatives of the Primary School teachers and two representatives of Higher Secondary School teachers. It will be headed by the Chief Secretary of Delhi Administration and will submit its report within a month.

4. As a result of the aforesaid discussions between the Lt. Governor and Chief Executive Councillor of Delhi on the one hand and the representatives of the Primary School Teachers on the other hand, an agreement has also been reached in regard to the qualification certificate after five years of service.

5. I would, however, like to assure the House that the Government is sympathetic to the demands of the teachers and will take all appropriate measures to ensure that the teachers are not discriminated vis-a-vis other employees.

6. In the light of these developments, I would appeal to the teachers to resume duty immediately in the interest of the studies of the children.

श्री हरिकेश बहादुर : माननीय उपाध्यक्ष जी, 26, मार्च, 1983 से 1500 स्कूलों के लगभग 15 हजार अध्यापक हड़ताल पर हैं, जिससे विद्यार्थियों की कितनी क्षति हुई है, इस का आसानी से अनुमान लगाया जा सकता है लेकिन सरकार की तरफ से जो कार्यवाही की जानी चाहिए थी, जितनी तेजी के साथ कार्यवाही की जानी चाहिए थी, उतनी तेजी के साथ कार्यवाही नहीं हो पाई। बजाय इसके कि सरकार अध्यापकों की मांगों पर ध्यान देती और तत्काल उसके लिए कोई कार्यवाही करती, अध्यापकों के निलम्बन और बर्खास्तगी का काम शुरू कर दिया गया है। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है। अभी कुछ दिन पहले दिल्ली में चुनाव हुआ था और उस समय अध्यापकों को आश्वासन भी दिया गया था कि उन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा और उन्हें तत्काल राहत देने की व्यवस्था की जाएगी। वे शासक दल के महत्वपूर्ण नेताओं से मिले थे और चुनाव के समय उन की आवश्यकता थी, इसलिए हो सकता है कि उन्होंने यह बात कही हो लेकिन आज स्थिति यह है कि चुनाव में किये गये वायदों को सरकार की तरफ से भुलाने की कोशिश की जा रही है और जो यहां के मेयर हैं उन्होंने भी यह रुख अपनाया है कि जो अध्यापक हड़ताल पर हैं, उन्हें बर्खास्त किया जाए या निलम्बित किया जाए। जो सरकारी अधिकारी हैं, उनसे तो ऐसी अपेक्षा हमेशा लोग करते ही हैं और अभी प्रधान मंत्री जी ने भी कह दिया है कि हमारी जो नौकरशाही है, उसके बारे में लोगों में तमाम प्रकार के भ्रम हैं। वे ठीक काम नहीं करते, जल्दी काम नहीं करते, उनका रुख लोगों के प्रति बहुत ही कठोर होता है, उनको समस्याओं पर वे सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करते। ये सब बातें नौकरशाई के बारे में प्रधान मंत्री जी ने स्वयं कही हैं, जोकि आज के अखबारों में

छपी है। अब जहाँ तक नौकरशाही का सवाल है, अगर नौकरशाही कोई इस प्रकार का रुख अपनाए कि अध्यापकों को निलम्बित किया जाए या उन्हें बर्खास्त किया जाए, तो यह बात थोड़ी देर के लिए समझ में आती है लेकिन जनता के चुने हुए प्रतिनिधि, जो जनता को तमाम तरह के आश्वासन देकर सत्ता में आते हैं, अगर वे भी इसी प्रकार का रुख अपनाने लगे, तो फिर जनता की किसी भी समस्या का समाधान सरलता से नहीं हो सकता। दुर्भाग्य की बात यह रही कि जो नगर निगम में मेयर हैं, उनका रुख भी कुछ इसी प्रकार का है। लगभग 2000 अध्यापक जेल गये हैं।

...(व्यवधान)...

श्री जगदीश टाईटलर (दिल्ली सदर) : आप मेयर की बात क्यों करते हो। आप सीधी बात कीजिए।

You please talk about teachers. Do not make this a political thing.

श्री हरिकेश बहादुर : जगदीश टाईटलर जब बोलेंगे, तब ये ही सारी बात का जबाब दे दें।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली) : आप का भी नाम है, तब आप बोलिये।

Call him to order.

श्री हरिकेश बहादुर : सर, मैं आपके माध्यम से श्री जगदीश टाईटलर को यह बता देना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री ने नारायणपुर कांड के बारे में यह कहा था, गोरखपुर में अपनी प्रेस कांफ्रेंस में यह कहा था कि अगर मौजूदा सरकार की कोई गलती हो रही है तो उससे राजनीतिक लाभ उठाना हमारा फर्ज है और उससे हम लाभ उठायेंगे। वे अपनी नेता से जा कर के पूछ लें कि इस प्रकार के मामलों में वे राजनीतिक लाभ क्यों उठाना चाहती थीं और क्यों इस प्रकार का उन्होंने वक्तव्य दिया था। मैं कोई ऐसी बात नहीं कर रहा हूं। हम भी जरूर राजनीतिक लाभ उठायेंगे, क्यों नहीं उठायेंगे। अगर आप जनता को तबाह करेंगे, अगर यह सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान में निकम्मी साबित होगी तो जनता हम को मौका देगी, सरकार चलाने के लिये। मैं भी वही बात कह रहा हूं जो कि प्रधान मंत्री जी ने कही थी।

लगभग दो हजार अध्यापक जेल गये। मैंने ऐसा नहीं कहा जैसा कि यहां लिखा हुआ है। कृपया टेपरिकार्ड से सुनकर उसे ठीक करें। अध्यापकों ने फरवरी में 6 सूत्री मांग रखीं। उनकी मांगें काफी न्यायोचित भी हैं। जैसे वेतन वृद्धि का मामला था जो कि वेतन मान के पुनर्निर्धारण से सम्बन्धित हैं। पदोन्नति के अधिक अवसर प्रदान करने की बात थी। सेलेक्शन ग्रेड वगैरह: प्रोवाइड करना और अच्छी सेवा शर्तें प्रदान करना, ये उनकी मांगें हैं। लेकिन उनकी मांगों पर उस समय सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया गया, यह मैं विशेष रूप से कहना चाहता हूं।

सवाल यह है कि जब से वे हड़ताल पर हैं...

MR. DEPUTY SPEAKER : Did you go through point number three in the statement ?

SHRI HARIKESH BAHADUR : This has taken place yesterday only. I am talking of what has taken place 20 days earlier.

जब से वे हड़ताल पर हैं, तब से उन्हें पूरा वेतन दिया जाएगा या नहीं ? क्योंकि अभी तक लोगों के विभाग में यह बात बैठी हुई है, उन्हें यह भ्रम है कि जब से अध्यापक हड़ताल पर हैं, तब से उनका वेतन काट लिया जाएगा। मेरी शिक्षा मन्त्री से यह मांग है कि वे दिल्ली नगर निगम से कहें कि जिस समय से अध्यापक हड़ताल कर रहे हैं, जबसे वे हड़ताल पर हैं, उनका पूरा वेतन उन्हें दिया जाए और जितने भी अध्यापक गिरफ्तार किये गये हैं, उन सब को तत्काल रिहा किया जाए। क्या सरकार इसके सम्बन्ध में दिल्ली प्रशासन को कोई निर्देश देने जा रही है, यह मैं जानना चाहता हूं ?

अध्यापकों का जो पे स्केल है, उसका रिवीजन मई 1970 में हुआ था। तब से 13 वर्ष बीत गये हैं। रुपये की अब क्या कीमत है, यह फाइनेंस मिनिस्टर ने यहां पर बता दिया है कि सन् 1962 के मुकाबले में रुपये की कीमत अब 20.12 पैसे रह गई है। इसका मतलब यह हुआ कि 1970 के मुकाबले में रुपये की कीमत एक-तिहाई रह गई है। 13 वर्ष पहले अध्यापकों के पे-स्केल का रिवीजन हुआ था। तब से अगर कोई पे-रिवीजन नहीं हुआ है तो उनकी मांगें हम न्यायोचित समझते हैं और उनका हम पूरा समर्थन करते हैं इसलिए उनके पे-स्केल का रिवीजन तत्काल होना चाहिए।

1971 में केन्द्रीय सरकार ने दिल्ली नगर निगम से यह कहा था कि 15 फीसदी अध्यापकों को सैलेक्शन ग्रेड प्रदान करें और अभी सितम्बर 1982 में इसे बढ़ाकर 20 फीसदी कर देने के लिए दिल्ली नगर निगम को कहा गया था। लेकिन दिल्ली नगर निगम ने इस पर कोई कार्यवाही नहीं की। इस वजह से भी आज अध्यापकों में असन्तोष है। अगर दिल्ली म्युनिसिपल कारपोरेशन ने केन्द्रीय सरकार का यह सुझाव मान भी लिया होता तो भी पदोन्नति की जो आज समस्या अध्यापकों के सामने है, उसका ठीक ढंग से समाधान नहीं हो सकता। इसलिए उनकी समस्या के समाधान के लिए यह आवश्यक है कि सरकार एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाये और अधिक लोगों को पदोन्नति देने का प्रावधान करे क्योंकि अधिकांश अध्यापक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट हैं। अगर उनको इन्सेन्टिव नहीं मिलेगा, अगर उनको ऐसा नहीं लगेगा कि उन्हें भविष्य में अच्छा वेतन मिल सकता है, अच्छा वेतनमान मिल सकता है तब वे ठीक ढंग से काम नहीं कर सकेंगे। अगर उनमें असन्तोष रहेगा तो उसका नतीजा हमारी भावी पीढ़ी को भुगतना पड़ेगा। इसलिए हम चाहते हैं कि उनकी मांगों पर ठीक ढंग से विचार किया जाए और उन्हें अधिक से अधिक पदोन्नति के अवसर प्रदान किये जाएं।

अभी कुछ दिन पहले सरकार ने दो कमीशन्स बनाये हैं। दी कमीशन फार स्कूल एजूकेशन। जिसके अध्यक्ष श्री डी० पी० चट्टोपाध्याय हैं। दूसरा कमीशन है—

The Commission for Teachers concerned with Higher Education.

मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं और माननीय शिक्षा मंत्री जी से यह जानना भी चाहता हूं कि क्या वे प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों की समस्याओं के सम्बन्ध में और उनकी सेवा शर्तों में सुधार के लिए कोई अलग से कमीशन बनाने का सुझाव देंगी, कोई अलग से कमीशन बनायेंगी ? जो राष्ट्रस्तर पर प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों की सेवा शर्तों के लिए सुझाव दे। यह बहुत महत्वपूर्ण सवाल है। अभी एशियाड पर 2000 करोड़ रुपए खर्च हो गए, लेकिन अध्यापकों के लिए सरकार के पास पैसा नहीं है। ···(व्यवधान)···

MR. DEPUTY SPEAKER : Don't get diverted to other things, concentrate on the subject.

SHRI HARIKESH BAHADUR : I am concentrating on the subject, Sir. Once you are going to spend more than Rs. 2,000 crores on games, you must think of education also.

MR. DEPUTY SPEAKER : For that you can have a general discussion on ASIAD and other things.

श्री हरिकेश बहादुर : पब्लिक स्कूल्स के अध्यापकों की सेवा शर्तें अच्छी हैं। पैसे वाले लोग अपने बच्चों को वहां पर पढ़ने के लिए भेजते हैं। गरीब लोग अपने बच्चों को नगर निगम और जिला परिषदों द्वारा संचालित स्कूलों में भेजते हैं। दिल्ली में नगर निगम द्वारा जो विद्यालय चलाए जाते हैं। अगर वहां पर अध्यापकों की सेवा शर्तें अच्छी नहीं होंगी तो वहां पढ़ाई का स्तर और नीचा हो जाएगा। ये बच्चे अच्छी नौकरी नहीं पा सकेंगे और देश के लिए भी घातक सिद्ध होगा। इसलिए इन विद्यालयों के अध्यापकों की सेवा शर्तों में सुधार किया

जाए। 1983-84 के बजट में शिक्षा के लिए 412.61 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। यह बहुत ही कम है। मेरी सरकार से मांग है कि इसको और अधिक बढाया जाए। प्राइमरी स्कूल के अध्यापकों की ओर विशेष रूप से ध्यान दिया जाए।

इसी प्रकार से केन्द्रीय विद्यालय के अध्यापकों का मामला था। उनकी मांग थी कि वेतनमान का पुनर्निधारण किया जाए और सलेक्शन ग्रेड दिया जाए तथा पदोन्नति के अवसर दिए जाएं। उनकी बातों पर भी विशेष ध्यान नहीं दिया गया। मेरी सरकार से मांग है कि पूरे अध्यापक समूह के कल्याण के लिए उनकी सेवा शर्तों में सुधार किया जाए। दिल्ली के अध्यापकों के लिए तुरंत कारगर कदम उठाकर उनको राहत दें।

अन्त में मैं अपने प्रश्नों को संक्षेप में एक बार फिर बता देना चाहता हूं।

MR. DEPUTY SPEAKER : Why don't you endorse these as last sixth paragraph ? Why can't you read sixth paragraph ?

SHRI HARIKESH BAHADUR : It is the last paragraph which has included many questions.

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR (Ratangiri) : Sixth paragraph can be included provided the demands are fulfilled.

MR. DEPUTY SPEAKER : Yon can add that. I said, go through the sixth paragraph.

श्री हरिकेश बहादुर : (क) वेतनमानों के पुनर्निधारण के लिए आप क्या कदम उठा रहे हैं ?

(ख) सलेक्शन ग्रेड देंगे या नहीं देंगे ?

(ग) गिरफ्तार अध्यापकों को तत्काल रिहा करने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है।

(घ) हड़ताल के समय का पूरा वेतन देने हेतु सरकार दिल्ली नगर निगम को निर्देश देगी या नहीं।

(च) प्राइमरी स्कूल टीचर्स के लिए क्या कोई अलग से कमीशन बनेगा, जैसे कि अभी दो कमीशन बनाए गए हैं ?

इन प्रश्नों का मैं जवाब चाहता हूं।

श्रीमती शीला कौल : माननीय सदस्य ने अभी टीचर्स की परेशानी बताई। यह सही है कि हम सब इसके लिए परेशान हैं। इसके बारे में हम काफी अर्से से सोच रहे हैं। टीचर्स समाज की बुनियाद हैं, इसलिए उनका हमें खास ध्यान रखना होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हम बराबर उनसे बातचीत कर रहे हैं। मैं याद दिलाना चाहती हूं कि इसी तरीके से हमने दिल्ली यूनिवर्सिटी के मामले को भी तय किया था। मैं बराबर कहती रही हूं कि इन चीजों में वक्त लगता है। जल्दी करने में कोई चीज रह जाती है, बिगड़ जाती है। "Haste makes waste"

इसलिए बेहतर यह है कि सोच-समझ कर करें।

यह सभी को पता है कि अगर हम किसी चीज को अनाउंस करते हैं तो रिट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट से सब चीजें देते हैं। हरिकेश जी ने पूछा है कि क्या हम जैसे पहले दो कमीशन टीचर्स के लिए बने हैं, उसी प्रकार म्यूनिसिपल टीचर्स के लिए तीसरा कमीशन बनायेंगे क्या ? मैं यह बताना चाहती हूं कि हमने कोई ऐसा फैसला नहीं किया है और न ही हमारे ध्यान में है। वे टीचर्स भी स्कूलों के टीचर्स हैं इसलिए अलग से इसको बनाना भी मुनासिब नहीं होगा। इन्होंने टीचर्स के वेतन रोकने के आदेश के बारे में भी पूछा है ? ऐसे कोई आदेश नहीं दिए गए हैं। No orders have been given for stopping the salaries of teachers.

जो अध्यापक जेल गए थे, उनको सिम्पल इम्प्रीजनमेंट के बाद छोड़ दिया गया है। आखिरी बैच 277 का, अभी वहीं पर है। बाकी सब रिलीज कर दिए हैं। बीस परसेंट सिलेक्शन ग्रेड का बेनीफिट भी टीचर्स को दिया गया है।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी (नई दिल्ली) : उपाध्यक्ष महोदय, मुझे खुशी है कि जो प्राईमरी स्कूल के अध्यापक हड़ताल पर थे, और उस हड़ताल को अध्यापकों का व्यापक समर्थन था, उनके साथ बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया है। मैं शिक्षा मन्त्री महोदया की इस अपील में अपनी आवाज मिलाना चाहता हूं कि अब अध्यापकों को अपना आन्दोलन समाप्त कर देना चाहिए और बातचीत की टेबल पर आकर सारी समस्याएं हल करनी चाहिए।

दिल्ली के प्राईमरी अध्यापकों की समस्याएं पिछले कई सालों से गम्भीर रूप लेती जा रही हैं। मुझे याद है, 15 साल पहले दिल्ली के प्राईमरी स्कूलों के अध्यापकों के वेतनमान अनेक राज्यों के प्राईमरी स्कूलों के अध्यापकों के वेतनमान से अच्छे थे। मेरे पास समय नहीं है, मैं आंकड़े प्रस्तुत कर सकता हूं।

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : आपके पास आंकड़े नहीं हैं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अब दिल्ली के प्राईमरी अध्यापक न केवल पड़ोसी राज्यों के प्राईमरी अध्यापकों की तुलना में कम वेतन ले रहे हैं बल्कि उनकी जो सबसे बड़ी समस्या है, वह है 14 साल बाद स्टेगनेशन। अन्य राज्यों ने इसका हल निकाल लिया है। दिल्ली में इसका कोई हल नहीं निकाला गया है। क्या 14 साल शिक्षा के क्षेत्र में सेवा करने के बाद एक अध्यापक अपनी उन्नति के सारे रास्ते बन्द पाएगा? अगर, उसे सारे रास्ते बन्द मिलेंगे तो किस प्रकार वह निष्ठा और रुचि के साथ अपने कर्तव्य का पालन कर सकेगा। मैं जानना चाहता हूं कि इस स्टेगनेशन की समस्या को हल करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Running scale is only the solution for it. When the Commission comes, it can be done. Till retirement they must get their increment every year.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : Tamil Nadu has done something very good in this regard.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Thank you.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : शिक्षा मन्त्री महोदया ने यह स्वीकार किया है कि प्राथमिक शिक्षा हमारी बुनियाद है। लेकिन बुनियाद के लिए हम क्या कर रहे हैं? प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक शिक्षकों की उपेक्षा हो रही है। प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने की बात करते हैं। मगर, ड्राप-आउट का जो परसेंटेज है, वह कितना ज्यादा है? इस स्थिति में प्राईमरी शिक्षक अगर असंतुष्ट होंगे तो हम फिर बुनियाद को मजबूत नहीं कर सकते? भले ही कितना गौरवशाली शिखर बनाते जाएं।

एक प्रश्न मैंने स्टैगनेशन का उठाया है, दूसरा यह उठाया है कि अन्य राज्यों की तुलना में अध्यापकों के वेतन मान समान बनाने की दृष्टि से सरकार क्या कदम उठाना चाहती है।

मंत्री महोदया ने अपने बयान में कहा है :

> "These demands are under the consideration of the group of Ministers."

Who constitute this group? What are the terms of reference?

Will this group of Ministers meet the representatives of the teachers?

दूसरी बात जो मेरी समझ में नहीं आती और जिसका मैं चाहता हूं कि मन्त्री महोदया स्पष्टीकरण दें यह है :

> "As an interim measure, it has been decided that those M.C.D. Primary School teachers who are held up at the maximum of the time scale will be given one increment with retrospective effect, i.e., from 5.9.1982."

Well and good. I welcome this. But the hon. Minister has added—

> "If, however, it is not possible to finalise the matter before 5.9.1983, grant of another increment will be considered favourably."

5-9-83 तक सारे मामले को अंतिम रूप क्यों नहीं दिया जा सकेगा, कौन सी व्यावहारिक कठिनाइयां हैं, कहीं ऐसा तो नहीं है कि मामले को लम्बा लटकाने का इरादा हो ?

श्रीमती शीला कौल : बिल्कुल नहीं।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मंत्री महोदया के आश्वासन का मैं स्वागत करता हूं। फिर आपने कहा है :

Government will take appropriate measures to ensure that the teachers are not discriminated *vis-a-vis* other employees.

अध्यापकों की तुलना अदर 'एम्प्लायीज' से कैसे होगी ? अदर एम्प्लायीज से उनका मतलब क्या है ? दिल्ली की हालत तो यह है कि कारपोरेशन के प्राईमरी टीचर्ज के बारे में रिटायरमैंट के अलग नियम हैं और नई दिल्ली म्यूनिसिपल कमेटी के प्राइमरी टीचर्ज के अलग नियम हैं। कारपोरेशन के प्राइमरी टीचर्ज 60 साल तक सेवा कर सकते हैं जबकि नई दिल्ली म्यूनिसिपल कमेटी के प्राईमरी टीचर्ज 58 साल की उम्र पर रिटायर होते हैं।

मन्त्री महोदया ने कहा है कि और एम्प्लायीज की तुलना में उनके साथ भेदभाव नहीं होगा। मैं जानना चाहता हूं कि और एम्प्लायीज कौन से हैं ? अच्छा तो यह होगा कि पड़ौसी राज्यों के प्राइमरी शिक्षकों को जो वेतन मिल रहे हैं जिस तरह उनकी पदोन्नति की जा रही है और अन्य सुविधाएं उनको प्राप्त हैं—

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : पांच साल तक उनका नुकसान करोगे।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : मुझे शक है कि राजस्थान में प्राइमरी शिक्षकों के साथ न्याय नहीं हो रहा है।

दिल्ली में प्राइमरी शिक्षा की हालत क्या है ? मैं एक प्रेस रिपोर्ट उद्धृत करना चाहता हूं :

According to a recent survey conducted by NCERT there were the primary schools in Delhi working with only one teacher.

If the teacher goes on leave, then what happens ?

MR. DEPUTY SPEAKER : All the students get leave.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE : There are schools without a peon or chowkidar and teachers have to carry the dak.

क्या इन बातों से अध्यापकों को शिकायतें नहीं होंगी।

एक और बात मैं कहना चाहता हूं। शिक्षा मंत्री महोदया का ध्यान इस बात की ओर जरूर गया होगा कि जेल में कुछ अध्यापकों के साथ बुरा बरताव हुआ है। मुझे खुशी है कि जेल से जो पकड़े गए थे, वे छोड़े जा रहे हैं और आप उनका वेतन काटने का इरादा भी नहीं करेंगे। मैं नहीं जानता कि प्रेस रिपोर्ट कहां तक सही है लेकिन यह छपा है कि अध्यापकों के साथ और विशेषकर महिला अध्यापकों के साथ बुरा बरताव हुआ है मैं चाहता हूं कि इसका आप पता लगाएं क्योंकि दिल्ली की जनता जानना चाहती है कि अध्यापकों के साथ अगर जेल में दुर्व्यवहार हुआ है तो सरकार ने उसकी निन्दा की है या नहीं।

ये कुछ प्रश्न मैंने उठाए हैं और मैं आशा करता हूं कि इनका सन्तोषजनक उत्तर मुझे मिलेगा।

श्रीमती शीला कौल : उपाध्यक्ष जी, माननीय वाजपेयी जी ने कुछ सवाल उठाये हैं और उन्होंने यह कहा है कि जो पड़ौसी प्रान्त हैं उनके मुकाबले में दिल्ली के टीचर्स को कम मिलता है। तो मेरे पास जो फिगर्स हैं उनको मैं आपकी इजाजत से पढ़ना चाहती हूं। दिल्ली में जो पे स्केल है, मिनिमम जो घर पे पैकेट वह ले जाते हैं वह 829.40 है...

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : सिटी कम्पेनसेटरी अलाउन्स को मिला कर।

श्रीमती शीला कौल : और जगह भी यही होगा न। आप सुन लीजिये। हैड मास्टर का मिनिमम पे पैकेट है, 103067 और इनका मैक्सिमम है 1.675.751 और इसी तरह से उनका सीनियर ग्रेड में आने पर स्केल होता है 740 रु० से और मिनिमम पे पैकेट होता है 1,653 रु० और मैक्सिमम होता है 1,954.04। हमारे नजदीक जो प्रान्त हैं जैसे हरियाणा जिसका कि असर दिल्ली पर होना ही चाहिये, फिर पंजाब भी बहुत रईस प्रान्त है, उन्हें क्या मिलता है। उनका पे स्केल है 480 से 760 रु० और उनका मिनिमम, जब कि दिल्ली में 829.40 है, वहां उनका मिनिमम होता है 781.60। जब दिल्ली में 1,252 रु० तो यहां 1,198 रु०।

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : यह ठीक नहीं है। दिल्ली में रहने वाले अध्यापकों को सिटी कम्पेन्सेटरी अलाउंस ज्यादा मिलता है। हाउस रेट ज्यादा मिलता है। उसको निकाल कर आप तुलना कीजिये।

श्रीमती शीला कौल : मैंने तो बताया आपको यहां दिल्ली में हायर सेकेन्डरी टीचिंग ट्रेनिंग के बाद 530 मिलते हैं और इनको मिलता है 525 रु० और मिनिमम है 850 रु० और मैक्सिमम है 1,450 रु०। और हरियाणा में 480 रु० से 760 के स्केल में उनका मिनिमम बनता है 819.80 और मैक्सिमम है 1,233 रु०। यह है हरियाणा का। हमारे पास जो आंकड़े हैं उसके मुताबिक यह है।

आपने ड्रोप आउट्स का जिक्र किया है। तो ड्रोप आउट्स के बारे में बहुत सी स्कीम्स चालू की हैं ताकि जो बच्चे दाखिल हो जायें वह उसमें रहें, और इसके लिये इन्सेंटिव्ज भी देते हैं और ऐसा करने में यह हुआ है कि ड्रोप आउट्स में थोड़ी सी कमी हुई है।

फिर आपने पूछा यह ग्रुप कौन है, ग्रुप के मिनिस्टर्स कौन है? तो मैं बताना चाहती हूं कि इसमें फाइनेंस मिनिस्टर हैं, होम मिनिस्टर हैं, ब्रोडकास्टिंग मिनिस्टर हैं और एजूकेशन मिनिस्टर हैं।

श्री जगदीश टाईटलर (दिल्ली सदर) : ब्रोडकास्टिंग मिनिस्टर क्या करेगा? सिर्फ फाइनेंस और एजूकेशन मिनिस्टर्स होने चाहिए जो एकदम डिसीजन लें।

श्रीमती शीला कौल : जो नतीजा निकलेगा वह ब्रोडकास्ट ब्रोडकस्टिंग मिनिस्टर करेगा।

श्री अटल बिहारी वाजपेई : जेल में दुर्व्यवहार की शिकायत है।

श्रीमती शीला कौल : वह हम दिखवा लेंगे।

श्री सज्जन कुमार (बाह्य दिल्ली) : उपाध्यक्ष जी, प्राइमरी टीचर्स के बारे में जो मन्त्री जी ने आज बयान दिया है मैं उसका स्वागत करता हूं। और मुझे खुशी है कि जो उनकी कुछ बुनियादी बातें थीं उनको कुछ को हमने माना है। दिल्ली के प्राइमरी टीचर्स को मैं जरूर कहना चाहता हूं उपाध्यक्ष जी कि...

13.00 Hrs.

दिल्ली प्रशासन के टीचर्स के मुकाबले में हमेशा दिल्ली नगर निगम के अध्यापकों की अवहेलना होती रही है और उनकी मांगों की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। मैं उदाहरण के तौर पर बताना चाहता हूं कि दिल्ली प्रशासन की ओर से जो प्राइमरी स्कूल चल रहे हैं, आज भी उन टीचर्स का ग्रेड दिल्ली नगर निगम के टीचर्स से कहीं अधिक है। मैं मन्त्री जी से जानना चाहूंगा कि यदि यह बात सच है कि दिल्ली प्रशासन के प्राइमरी स्कूल के टीचर्स का ग्रेड उनसे अधिक है तो क्या दिल्ली नगर निगम के प्राइमरी स्कूलों के टीचर्स को भी आप उनके मुकाबले में करेंगे?

अभी मन्त्री महोदय ने कहा कि हड़ताल के दिनों के टीचर्स के वेतन को रोका नहीं जायेगा। वेतन रोकने की बात नहीं है, हम यह जानना चाहते हैं कि हड़ताल के दिनों में जो अनुपस्थित रहे हैं और जेल में गये हैं, क्या उस दौरान की भी आप उन्हें तनख्वाह देंगे? हम चाहेंगे कि उन्हें उस समय का वेतन दिया जाना चाहिये।

मैं यह भी जानना चाहूंगा कि उनके खिलाफ जो कार्यवाही की गई है, चाहे वह विभागीय कार्यवाही हो या पुलिस के द्वारा की गई कार्यवाही हो, क्या आप तुरन्त आज ही इस प्रकार का आदेश देने की कृपा करेंगे कि उन्हें जेल से रिहा किया जाये और उनके खिलाफ की गई विभागीय कार्यवाही वापिस ली जाये ?

मैं दिल्ली नगर निगम के अध्यापकों की हमेशा प्रशंसा करूगा कि बावजूद इसके कि वह 26 मार्च से हड़ताल पर हैं और दो हजार टीचर्स ने गिरफ्तारी दी है, लेकिन जिस तरह से उन्होंने शांति का परिचय दिया है बावजूद इसके कि उनकी मागें उचित हैं, जिसका हम भी समर्थन करते हैं, लेकिन उन्होंने कहीं भी किसी प्रकार का हिंसा का कोई रूप देने की कोशिश नहीं की । अभी मुझ से पहले माननीय सदस्य ने कहा कि दिल्ली के महापौर ने उनके बारे में जो कुछ कहा वह उससे सहमत नहीं है ।

मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली के महापौर ने दिल्ली के अध्यापकों को बातचीत के लिये आमंत्रित किया अपने चैम्बर में और उसके बाद अध्यापक जेलों में गये । उनके लीडर्स और महापौर खुद जेल में अध्यापकों से मिले । जेल में जो दुर्व्यवहार की बात कही गई है, उसके बारे में भी मैं दिल्ली प्रशासन को धन्यवाद देना चाहता हूं कि वहां के कार्यकारी पार्षद श्री कुलानन्द भारती खुद जेल में गये और टीचर्स को 'ए' क्लास दी गई । और सारी सुविधाएं वहां जुटाई गई । जो पोलिटिकल बयान कल अखबार में छपा था, उसका भी खंडन किया गया और कहा गया है कि अध्यापकों को वहां सुविधाएं दी जा रही हैं । मैं इस बात से सहमत हूं कि उन्हें बाकायदा सुविधाएं दी जानी चाहिएं ।

दिल्ली नगर निगम के प्राइमरी स्कूलों के बारे में वाजपेयी जी ने कहा कि उनकी बहुत दुर्दशा है, वहां टीचर्स नहीं है, वहां पर टाट टीचर्स को लेकर जाना पड़ता है । मैं इस बात से सहमत नहीं हूं क्योंकि मैं भी दिल्ली से चुना हुआ प्रतिनिधि हूं और मुझे भी इन स्कूलों को देखने का मौका मिला है । जितनी बढ़िया व्यवस्था यहां पर प्राइमरी स्कूलों में हैं, शायद हिन्दुस्तान के किसी भी प्रान्त में ऐसी अच्छी व्यवस्था नहीं होगी ।

मैं शिक्षा मन्त्री जी को धन्यवाद करना चाहता हूं कि हमारे यहां जो सैकड़ों प्राइमरी स्कूल टैन्टों में चल रहे थे, आज उनके भवन बना दिये गये हैं और चाहे ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल हो या रिसैटलमैंट कालोनी में हों, किसी भी स्कूल में टीचर्स की कमी नहीं है । टीचर्स बढ़े हैं ।

दिल्ली नगर निगम का शिक्षा विभाग और दिल्ली नगर निगम के चुने हुये प्रतिनिधि जो काम कर रहे हैं, हम उनका धन्यवाद करना चाहते हैं, लेकिन मैं मन्त्री जी से जानना चाहता हूं कि जो मिनिस्टर्स कमेटी बनी है, क्या उसकी कोई बैठक हुई है ? यदि नहीं हुई है तो मैं चाहूंगा कि उसकी तुरन्त बैठक बुलाई जाये और जो सवाल चल रहे हैं, उन्हें जल्दी हल किया जाये ।

आज मन्त्री महोदय ने हड़ताल वापस लेने की अपील की है । हम सब चाहेंगे कि सारा हाउस अध्यापकों से यह अपील करे कि वे अपनी हड़ताल को वापस लें, स्कूलों में आएं और स्कूलों को चलाएं । प्राइमरी स्कूलों के बच्चों के एग्जामिनेशन आए हुए है । पिछले डेढ़ महीने में उनकी शिक्षा पर इस हड़ताल का बहुत बुरा असर पड़ा है । मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से यह भी प्रार्थना करूगा कि वह दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को आदेश दें कि हड़ताल समाप्त होने के बाद उन बच्चों की पढ़ाई की पूरी व्यवस्था करने के लिए पार्ट-टाइम टीचर्स को लगाया जाए, जिससे बच्चों की शिक्षा में जो कमी हुई है उसकी पूर्ति की जाए । अन्त में मैं मन्त्री महोदय से कहूंगा कि

अध्यापकों की न्यायोचित माँगों को तुरन्त पूरा किया जाए ।

श्रीमती शीला कौल : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सब माननीय सदस्यों की बहुत आभारी हूं, क्योंकि वे सब —जो बोल रहे हैं और जो नहीं भी बोल रहे हैं—इस बात से सहमत हैं और चाहते हैं कि दिल्ली के टीचर्ज के लिए कुछ किया जाए ।

माननीय सदस्य, श्री सज्जन कुमार, ने भी जिक्र किया है कि पहले कुछ स्कूल टेन्ट में चलते थे । मैं बताना चाहती हूं कि स्कूल इस लिए टेन्ट में चलाए जाते हैं कि कुछ लोग जा कर एक जगह पर बस जाते हैं और उनके बच्चों को दूसरे स्कूलों में भेजने में दिक्कत होती है । सरकार या कार्पोरेशन चाहती है कि ये बच्चे पढ़ाई न होने की वजह से सफर न करें, इसलिए टेंट लगा कर उनको पढ़ाया जाता है और फिर कोशिश की जाती है कि स्कूल की बिल्डिंग खड़ी की जाए । मैं यह बताना चाहती हूं कि दिल्ली में एक मैट्रल स्कूल का इन्तजाम हो रहा है । मैंने कहा है कि अगर बिल्डिंग एक साल में तैयार न हो सके, तो टेंट लगा दिए जाएं, ताकि बच्चों को पढ़ाई शुरू हो जाए । मुझे डर लगता है कि कोई यह नहीं कहे कि आपकी मिनिस्ट्री के स्कूल भी टेंट में चल रहे हैं, इस लिए मैं यह बात बता रही हूं । मैं चाहती हूं कि बच्चे पढ़ें, क्योंकि टेंट तो हमेशा नहीं रहेंगे, बिल्डिंग बन रही है, बाद में वे बिल्डिंग में चले जाएंगे ।

माननीय सदस्य ने यह जानकारी चाही है कि क्या ग्रुप आफ मिनिस्टर्ज की मीटिंग हुई है । मीटिंग हो रही है और अगले हफ्ते भी एक मीटिंग होगी । मैंने कहा है कि हम इसमें दिलचस्पी रखते हैं । आपको पता है कि फिनांस मिनिस्टर साहब खुद टीचर रहे हैं, मैं खुद टीचर रही हूं । हम सब इस कोशिश में लगे हुए हैं किसी तरीके से यह काम जल्दी हो जाए । मुझे अभी यह जानकारी दी गई है कि यह सही नहीं है कि एडमिनिस्ट्रेशन के एसिस्टेंट टीचर्ज का स्केल आफ पे म्युनिसिपल कार्पोरेशन में काम करने वाले टीचर्ज से ज्यादा है । आपको भी यह बात मालूम होनी चाहिए । माननीय सदस्य ने कहा है कि स्कूल तीन हफ्ते बन्द होने की वजह से बच्चों की पढ़ाई सफर कर रही है, इस लिए पार्ट-टाइम टीचर्ज लगाए जाएं । हम देखेंगे कि इसमें क्या हो सकता है ।

श्री सज्जन कुमार : हड़ताल के समय का वेतन ?

श्रीमती शीला कौल : मैंने कहा है कि ऐसा कोई आर्डर नहीं दिया गया है कि इसको रोका जाए ।

श्री सज्जन कुमार : उनके खिलाफ जो कार्यवाही की गई है,...

उपाध्यक्ष महोदय : श्री परुलेकर ।

SHRI BAPUSAHEB PARULEKAR : Mr. Deputy-Speaker, Sir, at the outset I would join myself in the appeal made by the hon. Minister to the teachers to resume duty in the interest of the studies of the children. But I would like to add a proviso and the proviso is that their demands should be adequately and properly met. Paragraph 6 of the reply mentions. '.. In the light of these developments...' I am sorry, I am not satisfied with the developments which are mentioned in this reply. Paragraph 2 of this reply mentions that there are six demands of these striking teachers. Now, out of six demands nothing has been said about 4 demands. This even does not disclose what are these 4 demands. 2 demands which are for the consideration of the group of Ministers are the grant of selection grade and the revision of pay scales. So all demands you have not given for consideration of the Group of Ministers. So, I would very much like to know what are those 4 other demands and what the Government is going to do about these 4 demands.

Mr. Deputy Speaker, you were kind enough to invite the attention of Mr. Harikesh Bahadur to para 3 probably because there is a mention of some committee to look after certain problems. But that is only restricted to the larger promotion opportunities and this paragraph 3 only refers to that.

So when we take into consideration the overall effect of this answer, it means that 2 demands are being considered by a group of Ministers, the promotion opportunities are to be considered in that particular meeting with the Lt. Governor, the Chief Executive Councillor and the representatives of the teachers and the other paragraphs speak about the assurances and sympathies towards the teachers.

